हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 30 जुलाई 2026

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री



## भालूकोना चितावार धाम के पास रपटे पर उफान, संडी मोहरा मार्ग पर प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिरमी रावन

लगातार हो रही बारिश के चलते संडी–मोहरा मार्ग पर स्थित भालूकोना चितावार धाम के पास रपटे के ऊपर से तेज बहाव के साथ पानी बहने लगा है, जिससे इस मार्ग पर आवागमन प्रभावित हो गया है। स्थानीय लोगों को जान जोखिम में डालकर रपटा पार करने की मजबूरी का सामना करना पड़ रहा है। संडी–मोहरा मार्ग तिल्दा जैसे प्रमुख शहर से ग्रामीण अंचलों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है। इस सड़क के निर्माण के दौरान लोगों को उम्मीद थी कि बरसात के दिनों में वर्षों पुरानी समस्या से राहत मिलेगी और दोनों रपटों पर पुलिया का निर्माण कर सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित किया जाएगा, लेकिन बारिश शुरू होने के बाद भी पुलिया निर्माण नहीं होने से लोगों की उम्मीदों पर पानी फिर गया है। बुधवार सुबह हुई तेज बारिश के बाद रपटे पर पानी का बहाव तेज हो गया, जिससे छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही। कई वाहन चालकों को पानी कम होने का इंतजार करना पड़ा, वहीं कुछ लोग जोखिम उठाकर रपटा पार करते नजर आए। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिया का निर्माण पूरा कर दिया जाता तो आज ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती। ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि दोनों रपटों पर शीघ्र पुलिया निर्माण कार्य पूरा कराया जाए तथा बरसात के दौरान सुरक्षा के लिए आवश्यक इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में लोगों को जान जोखिम में डालकर आवागमन न करना पड़े।

## खबर संक्षेप

### एंबुलेंस-बाइक की टक्कर में युवक की मौत



**सिमगा**। सिमगा-हथबंद मार्ग में ग्राम झिरिया के शनिदेव मंदिर के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में हथबंद निवासी चेतन यादव की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, स्वास्थ्य केंद्र सिमगा की एंबुलेंस और बाइक के बीच आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में चेतन यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस घटना स्थल पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से घायल चेतन यादव को तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने एम्बुलेंस चालक के विरुद्ध अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है ।

### जिले में राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ

**बलौदाबाजार**। भारत सरकार के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्य का 81 वें दौर का कार्य प्रारंभ हो चुका है। यह सर्वेक्षण कार्य माह जुलाई 2026 से जून 2027 तक संपादित किया जाएगा। इस सर्वेक्षण कार्य के दौरान कृषक परिवारों के स्थिति का आंकलन, अखिल भारतीय ऋण एवं निवेश तथा प्रवासन से संबंधी आंकडे चयनित ग्रामों तथा नगर के पारा, मोहल्लों से एकत्रित किये जायेंगे। सर्वेक्षण में सांख्यिकी विभाग की टीम द्वारा जिले के 26 ग्रामों तथा ▶▶ शेष पेज 12 पर

**सफलता : एआई तकनीक के सहारे पुलिस पहुंची डकैतों तक**

# ज्वेलरी संचालक से लूट के 4 अंतरराज्यीय आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

शहर ग्रामीण थाना क्षेत्र में दीपक ज्वेलर्स के संचालक से हुई 12 लाख के सोने-चांदी के जेवरातों की लूट के मामले में पुलिस ने आरोपियों को दबोचा है। पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने तकनीकी विश्लेषण और एआई कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक की मदद से वारदात में शामिल चार अंतरराज्यीय आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश में हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती और आर्म्स एक्ट जैसे 100 से अधिक गंभीर मामले दर्ज हैं। पुलिस ने इनके पास से हथियार, वाहन, जेवर और नकदी सहित कुल 26 लाख की सामग्री जब्त की है। 16 जुलाई की सुबह लगभग 9.30 बजे ग्राम रोहरा निवासी और दीपक ज्वेलर्स के संचालक बलराम सोनी अपनी एक्टिवा सीजी सीजी 22 एजी 7852 से तरेंगा से रोहरा जा रहे थे। रोहरा हाई स्कूल के पास दो मोटरसाइकिलों पर सवार 4 नकाबपोश अपराधियों ने उन्हें घेर लिया। आरोपियों ने प्रार्थी पर हमला कर मोबाइल और स्कूटी की चाबी छीन ली तथा बैग में रखे 13 किलो चांदी और 70 ग्राम सोना कुल कीमती लगभग 12,00,000 लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित की रिपोर्ट पर थाना ▶▶ शेष पेज 12 पर





### योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर आरोपियों को दबोचा

जांच के दौरान संदिग्धों की आवाजाही का सटीक रूट-मैप तैयार करने के लिए एआई तकनीक का उपयोग किया गया। टेक्निकल इनपुट और मुखबिर तंत्र की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर चारों मुख्य आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह बेहद शातिर तरीके से वारदात को अंजाम देता था। घटना से पहले संबंधित स्थल और भागने के संभावित रास्तों की पूरी रेकी की जाती थी। मौका मिलते ही पिस्तौल और धारदार हथियारों का डर दिखाकर या जानलेवा हमला कर लूटपाट करते थे। वारदात के बाद तेज रफ्तार बाइक और चारपहिया वाहनों का उपयोग कर अलग-अलग रास्तों से फरार हो जाते थे। जांच में खुलासा हुआ है कि इस गिरोह ने पूर्व में भी भाटापारा और सिमगा क्षेत्र में दो अन्य बड़ी लूट की घटनाओं को अंजाम दिया था। गिरफ्तार आरोपियों में बबलू पाण्डेय उर्फ शत्रुहन 48 वर्ष निवासी बेनीपुरपानी, थाना मऊ, जिला चित्रकूट उ.प्र., जयदीप गुप्ता 43 वर्ष निवासी थाना के पास गोविन्दगढ़, जिला रीवा म.प्र., जिआ उल हक 42 वर्ष निवासी बोधईपूर्वा, थाना कोतवाली देहात जिला गोण्डा उ.प्र. और गंगासागर पाण्डेय 42 वर्ष निवासी बेनीपुरपानी, थाना मऊ, जिला चित्रकूट उ.प्र. शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से 1 पिस्तौल 5 जिंदा कारतूस, 1 देशी कट्टा 9 जिंदा कारतूस और 1 लोहे की धारदार तलवार, 1 महिंद्रा स्कॉर्पियो एवं 2 मोटरसाइकिलें, लगभग 1,00,000 मूल्य के चांदी के जेवर और 10,620 नकद के अलावा 5 एंड्रॉइड कीपैड मोबाइल फोन जब्त किया गया।

## बाढ़ प्रभावित जिले के 5 पुल आवागमन के लिए बंद



**बलौदाबाजार**। जिले में विगत 24 घण्टे से रुक-रुक कर हो रही बारिश से नदी -नाले का जल स्तर बढ़ गया है, जिससे कई पुल और चेक डेम में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई है। जिला प्रशासन द्वारा सतर्कता बरतते हुए बाढ़ ग्रस्त 5 पुलों को आवागमन के लिये बंद कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार विकासखंड पलारी स्थित महानदी अमेठी घाट में पुल से 2 फीट ऊपर पानी बह रहा है, भाटापारा सुहेला मार्ग जमुनिया नाला पुल में 1 फीट ऊपर पानी, सुहेला में भंवरगढ़ -बरडीह मार्ग जमुनिया नाला पुल एवं शिकारी केशली मारह जमुनिया नाला में 1-1 फीट ऊपर पानी, बलौदाबाजार विकासखंड के अचानकपुर चेक डेम में 2 फीट ऊपर पानी है। इन सभी 5 पुलों में प्रशासन द्वारा आवागमन बंद कर दिया गया है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को पुल-पुलियों में बाढ़ की स्थिति पर कड़ी निगरानी एवं ग्रामीणों को एहतियात बरतने सम्बन्धी सूचना देने कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराने के निर्देश दिये हैं। वहीं बाढ़ प्रभावित पुलों में बेरीकेटिंग एवं कर्मचारी तैनात करने के भी निर्देश दिये हैं। इसके साथ ही राहत एवं अपादा प्रबंधन, होमगॉर्ड, पुलिस की टीम को भी अलर्ट रहने निर्देशित किया है।

## कलेक्टर ने पांच आदतन अपराधियों को किया जिलाबदर, एक वर्ष तक प्रवेश प्रतिबंधित

**बलौदाबाजार**। जिले में वर्तमान कानून व्यवस्था को देखते हुए कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने पुलिस प्रशासन से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर तीन आदतन अपराधियों को एक वर्ष के लिए जिला बदर के आदेश जारी किया है। आदेश के तहत थाना राजादेवरी निवासी ग्राम चांदन के लाभोराम साहू पिता शंकर लाल साहू, थाना सिमगा अंतर्गत ग्राम गणेशपुर के बंटी मसीह उर्फ रिषभ मसीह पिता संजय मसीह एवं प्रवीण मसीह पिता विराज मसीह, नगर पंचायत लवन वार्ड नं. 8 बाजार चौक निवासी गितेश उर्फ सब्बू उर्फ अंश तिवारी पिता देवप्रकाश तिवारी एवं थाना कसडोल अंतर्गत महामाया पारा कसडोल के अनिल साहू पिता दिलहरण साहू को जिला बदर किया गया है। उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3, 5 (ख ) के तहत किया गया है जिसमें 1 वर्ष के कालावधि के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा जिला एवं उसके सीमावर्ती जिले बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, सक्ति, बेमेतरा एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिलों की सीमाओं से आदेश पारित होने के 24 घंटे के भीतर हटने एवं बाहर चले जाने के आदेश दिए हैं।



## खबर संक्षेप

### 15 प्रकरणों में 105 लीटर से अधिक अवैध शराब जब्त



**बलौदाबाजार।** आबकारी विभाग ने सिमगा क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाते हुए अप्रैल से जुलाई 2026 के बीच 15 प्रकरणों में कार्रवाई की है। अभियान के दौरान कुल 105 लीटर से अधिक अवैध शराब जब्त कर 14 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए गए। आबकारी आयुक्त पदुम सिंह एल्मा के निर्देश, कलेक्टर कुलदीप शर्मा तथा जिला आबकारी अधिकारी निधीश कुमार कोष्टी के मार्गदर्शन में संचालित अभियान के तहत डोंगरिया, सिमगा, हथबंद, लावर, लिमतरा, दामाखेड़ा, कोलिहा, खैरघट, विश्रामपुर, दरचुरा, पथरचुआ, पड़कीडीह और करहुल सहित विभिन्न गांवों एवं ढाबों में लगातार दबिश दी गई।



कार्रवाई के दौरान 96.30 लीटर देशी मदिरा मसाला तथा 5.40 लीटर विदेशी मदिरा (गोल्डन गोवा) जब्त कर 13 गंभीर प्रकरणों में 12 आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 59(क) के तहत गैर-जमानती अपराध दर्ज कर उन्हें न्यायालय के माध्यम से जेल भेजा गया। इसके अतिरिक्त करहुल एवं सिमगा में हुई दो अन्य कार्रवाई में 3.96 लीटर देशी मदिरा जब्त कर दो आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1) (ख) के तहत जमानती प्रकरण दर्ज किए गए। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सिमगा क्षेत्र में गश्त और सघन जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। विभाग ने आम नागरिकों से भी अवैध शराब संबंधी गतिविधियों की सूचना प्रशासन को देने की अपील की है।

## पेज 11 का शेष

### ज्वेलरी संचालक से...

भाटापारा ग्रामीण में धारा 309(6) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार, खोमन सिन्हा और उप पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर वासनिक के मार्गदर्शन में एसडीओपी भाटापारा तारेश साहू के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल का गठन किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक हेमंत पटेल और साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक प्रणाली वैद्य की टीम ने तरेंगा, मारो, बेमेतरा, मुंगेली, तखतपुर, बिलासपुर और रतनपुर मार्ग तक 1,000 से अधिक सीसीटीवी फुटेज की जांच की।

### जिले में राष्ट्रीय ...

नगरों से 8 चयनित ब्लॉक के घर-घर पहुंचकर रोजगार, व्यवसाय, आय, श्रम, निवेश प्रवास तथा अन्य सामाजिक-आर्थिक संबंधी जानकारी एकत्रित करेंगे। सांख्यिकी विभाग के उपसंचालक पायल पाण्डेय ने बताया क्रीं जिला कार्यालय से हरवंश कोसले, सांख्यिकी अन्वेषक एवं योगेश कुमार सेन, संगणक द्वारा यह कार्य संपादित किया जाएगा। सर्वे के दौरान एकत्रित की गई जानकारी पूरी तरह सांख्यिकी अधिनियम 2008 के अंतर्गत गोपनीय होगी। यह जानकारी भविष्य के विकास की नई योजनाओं के निर्धारण में महत्तवपूर्ण भूमिका निभायेंगे।







# गुरु पूर्णिमा पर 5 घंटे का अखंड दुर्गा चालीसा पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

- खीर प्रसाद का हुआ वितरण

गुरुपूर्णिमा पर भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा नगर के विश्वकर्मा भवन में 5 घंटे के अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां एवं गुरुवर के जयकारों के साथ आरती कर किया गया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने पांच घंटे तक अखंड श्री दुर्गा चालीसा का सामूहिक पाठ कर भक्तिमय वातावरण का निर्माण किया। समापन अवसर पर पुनः आरती संपन्न हुई।

कार्यक्रम में कार्तिक साहू ने कहा कि मानव जीवन में गुरु का विशेष महत्व है। बिना गुरु के मनुष्य जीवन का उत्थान संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को गुरु के संकल्पों का पालन करते हुए समय-समय पर उनके मार्गदर्शन में आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर महिला कार्यकर्ता अनिता नायक ने भी गुरु के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम के अंत में तहसील अध्यक्ष उमेद राम निर्मलकर ने आभार व्यक्त किया। समापन उपरांत उपस्थित नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं को खीर प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में नगरवासियों ने सहभागिता निभाई।

## गुरु पूर्णिमा पर अधिवक्ता सतीश चंद्र श्रीवास्तव का सम्मान



**बलौदाबाजार।** गुरु पूर्णिमा पर नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चंद्र श्रीवास्तव का जूनियर अधिवक्ताओं द्वारा सम्मान किया गया। इस दौरान उन्हें शॉल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर विधि क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान और मार्गदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं, समाजसेवियों, बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि सतीश चंद्र श्रीवास्तव ने दशकों से अपनी निष्ठा, ईमानदारी और गहन विधिक ज्ञान के माध्यम से न केवल न्यायालय में उत्कृष्ट सेवाएं दी हैं, बल्कि अनेक युवा अधिवक्ताओं का मार्गदर्शन कर उन्हें विधि व्यवसाय में स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके शिष्य आज जिले एवं प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।सम्मान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सतीश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि गुरु-शिष्य परंपरा भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता का दायित्व केवल व्यवसाय तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि कानून का ज्ञान समाज की सेवा और न्याय की स्थापना के लिए भी समर्पित होना चाहिए।

## हायर सेकंडरी स्कूल रिसदा में मनाई गुरु पूर्णिमा



**बलौदाबाजार।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रिसदा बलौदाबाजार में गुरू पूर्णिमा मनाई गई। गुरु पूर्णिमा पर अध्यनरत छात्र छात्राओं करुणा एवं हिना ने भाषण प्रस्तुत किया। विद्या, नेहा, नीतू, मेघा, पायल, अन्नू ने कविता एवं गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को यादगार बनाया। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्र छात्राओं को प्रेरित करते हुए गुरु पूर्णिमा का आध्यात्म समझाया तथा आदर्श जीवन शैली अपनाने एवं सत्कर्म के साथ अनुशासन के मार्ग पर चलने की नसीहत दी। गुरु पूर्णिमा के इस कार्यक्रम विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक अनिल कुमार बंजारे, शिक्षकगण दीपचंद बंजारे, रूपनारायण साहू, रमेश नेगी, इंद्र कुमार कोसले, धर्मेंद्र खरे, परस साहू, सनत कुमार खरे, भारती ऊके, प्रार्थना महोबिया, प्रीति जलहरे, विद्या साव सहित कार्यालयीन कर्मचारी महेश साहू, गरिमा पैकरा, सुनील घृतलहरे एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# आत्मानंद विद्यालय में शाला विकास समिति का गठन, वेद प्रकाश बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सिमगा में शाला विकास समिति का गठन किया गया। प्राचार्य गीता लहरे एवं शिक्षक आशीष कुमार शर्मा ने शाला विकास समिति के दायित्वों, जिम्मेदारियों तथा विद्यालय के शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं समग्र विकास में समिति की महत्वपूर्ण भूमिका की विस्तार से जानकारी दी। तत्पश्चात शासन के निर्देशानुसार पालकों के बीच लोकतांत्रिक प्रक्रिया से शाला विकास समिति का गठन किया गया। जिसमें वेद प्रकाश वैष्णव को अध्यक्ष, लक्ष्मी देवांगन को उपाध्यक्ष तथा विद्यालय की प्राचार्य गीता लहरे को सचिव बनाया गया। साथ ही अन्य सदस्यों का भी चयन किया गया। इस गठन के माध्यम से शासन की मंशानुसार विद्यालय प्रबंधन में पालकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य गीता लहरे ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय के सर्वांगीण विकास में सभी की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय हम सभी का है और इसे बेहतर बनाने की जिम्मेदारी भी हम सभी की है। आशीष कुमार शर्मा ने उपस्थित पालकों से विद्यालय के विकास, विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य तथा नैतिक जिम्मेदारियों के निर्वहन में सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया। इस अवसर पर दीपिका साहू, अमृतांत सोनी, चंद्रिका जांगड़े, भुनेश्वर साहू, राकेश साहू, शिवबाला साहू सहित बड़ी संख्या में पालक एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# सशिमं के सेवानिवृत प्राचार्य रमेश शर्मा को दी विदाई



**अर्जुनी।** सरस्वती शिशु मंदिर अर्जुनी में लंबे समय तक अपनी कर्मठता, अनुशासन और सादगी से विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाले प्राचार्य रमेश शर्मा के सेवानिवृत्त होने पर एक भावुक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय परिवार, प्रबंध समिति, आचार्यों, दीदियों और छात्र-छात्राओं ने नम आंखों से उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी।

समारोह में वक्ताओं ने कहा कि रमेश शर्मा केवल एक प्राचार्य नहीं, बल्कि एक कुशल मार्गदर्शक और प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। उन्होंने अपने 16 वर्षों के कार्यकाल में शिक्षा की गुणवत्ता, अनुशासन और संस्कारों को मजबूत किया। उन्होंने शिक्षकों को परिवार का सदस्य मानकर सदैव प्रोत्साहित किया और छात्रों में राष्ट्रभक्ति व नैतिक मूल्यों का बीजारोपण किया। अपनी विदाई पर भावुक होते हुए रमेश शर्मा ने कहा पता ही नहीं चला कि 16 वर्ष कैसे बीत गए। मैंने सदैव विद्यालय और विद्यार्थियों के हित को सर्वोपरि रखा। सभी के सहयोग और स्नेह के लिए मैं आभारी हूँ। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय समिति व परिवार की ओर से उन्हें शॉल, श्रीफल एवं स्मृति-चिन्ह भेंटकर उनके सुखद और दीर्घायु जीवन की मंगलकामनाएं की गईं। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्राचार्य चैनसिंह वर्मा द्वारा किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद शर्मा, उपाध्यक्ष राजेंद्र जैन, कोषाध्यक्ष जवाहरलाल वर्मा, सचिव डमरूधर वर्मा, सह-सचिव अरुण सेन, सदस्य चिंतामणि साहू, पुष्पा वर्मा, रेखा वर्मा, आचार्य पुरुषोत्तम लाल वर्मा, रिपुसूदन श्रीवास, बसंत वर्मा, दीदियाँ भगवती सेन, फाल्गुनी वर्मा, कमला वर्मा सहित समस्त विद्यालय स्टाफ एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# इको विलेज धमनी में परिक्षेत्र स्तरीय वन महोत्सव मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- एक पेड़ मां के नाम 3.0 अभियान के तहत हुआ पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश





वन परिक्षेत्र बलौदाबाजार अंतर्गत ईको विलेज धमनी में परिक्षेत्र स्तरीय वन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान 'एक पेड़ माँ के नाम 3.0' अभियान के तहत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण, जनभागीदारी एवं सतत वन प्रबंधन का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वनमंडलाधिकारी धम्मशील गणवीर उपस्थित रहे। इस अवसर पर वन प्रबंधन समिति के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी, शिक्षक, ग्रामीण तथा वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सभी ने विभिन्न छायादार एवं स्थानीय प्रजातियों के पौधे रोपकर उनकी सुरक्षा एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया।

वन महोत्सव के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए पेंटिंग, चित्रकला एवं आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बच्चों ने प्रकृति, वन एवं वन्यजीव संरक्षण विषय पर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति व्यवहारिक रूप से जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस दौरान संयुक्त वन प्रबंधन समिति (जेएफएमसी) की भूमिका, वन संरक्षण में समुदाय की सहभागिता तथा प्राकृतिक संसाधनों के सतत संरक्षण पर विस्तार से चर्चा की गई। ग्रामीणों एवं समिति के सदस्यों से संवाद कर वन संरक्षण को जनभागीदारी के माध्यम से और प्रभावी बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। वनमंडलाधिकारी धम्मशील गणवीर ने कहा कि वनग्राम धमनी प्राकृतिक दृष्टि से समृद्ध एवं प्रेरणादायक क्षेत्र है। यहां के लोगों का प्रकृति और वन संरक्षण के प्रति जुड़ाव सराहनीय है। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से धमनी सामुदायिक वन प्रबंधन का उत्कृष्ट मॉडल बन रहा है तथा वन विभाग भविष्य में भी ऐसे जनजागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी कार्यक्रमों का नियमित आयोजन करता रहेगा। कार्यक्रम में वन परिक्षेत्राधिकारी सुश्री एकता कर, वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य, ग्राम के जनप्रतिनिधि, सरपंच, विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकगण, विद्यार्थी, स्थानीय ग्रामीण तथा वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



# खरोरा से 32 कांवड़ियों का जत्था बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

श्रावण मास पर खरोरा क्षेत्र से 32 कांवड़ियों का जत्था बाबा भोलेनाथ के जयकारों के साथ बाबा बैद्यनाथ धाम (देवघर) के लिए रवाना हुआ। यात्रा के शुभारंभ के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने बोल बम और हर-हर महादेव के जयघोष के साथ अपनी धार्मिक यात्रा प्रारंभ की।

यह कांवड़ यात्रा रायपुर मार्ग से होते हुए बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचेगी। इस यात्रा में खरोरा क्षेत्र के साथ-साथ ग्राम बाना एवं ग्राम गुमा के श्रद्धालु भी शामिल हैं। प्रमुख कांवड़ियों में मनीष वर्मा, भूपेंद्र वर्मा, लिलेश्वर वर्मा, दादू वर्मा, राजेंद्र चौहान, सागर वर्मा, तिलक वर्मा एवं मोनू चौहान सहित अन्य श्रद्धालु शामिल हैं। यात्रा में शामिल मनीष वर्मा ने बताया कि कांवड़ यात्रा का उद्देश्य केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं में संस्कार, अनुशासन, सेवा भाव और सामाजिक सद्भाव की भावना को विकसित करना भी है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की धार्मिक यात्राएं समाज में एकता और भाईचारे का संदेश देती हैं।

# अंधेरे से उजाले और सद्मार्ग की ओर ले जाते हैं गुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

- गुरु पूर्णिमा पर्व पर सशिमं में आचार्य सम्मान समारोह
- जीवन में गुरु का स्थान सबसे ऊंचा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा मां सरस्वती कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सचिव द्वारा वेदव्यासजी के जयंती पर गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर आचार्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेतन दुबे सब इंस्पेक्टर थाना खरोरा, विशेष अतिथि सुनिता अनिल सोनी नगर अध्यक्ष खरोरा, कविता चन्दा सब इंस्पेक्टर थाना खरोरा, प्रदीप पटेल सब इंस्पेक्टर थाना खरोरा, रिखीराम साहू सब इंस्पेक्टर थाना खरोरा, लोकनाथ पोर्त सब इंस्पेक्टर थाना खरोरा, लीला देवांगन पार्षद वार्ड नं. 10 वल्लम लाहोटी अध्यक्ष माँ सरस्वती बाल कल्याण समिति रोहणीपुरम रायपुर, प्रकाश सिंह ठाकुर सचिव माँ सरस्वती बाल कल्याण समिति रोहणीपुरम रायपुर, मयंक वैस कोषाध्यक्ष माँ सरस्वनी बाल कल्याण समिति रोहणीपुरम रायपुर, डॉ. अजय कुलश्रेष्ठ सदस्य मां सरस्वती बाल कल्याण समिति रोहणीपुरम रायपुर व प्राचार्य अश्वती पाटकर द्वारा मां सरस्वती, वेदव्यास की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर छात्र- छात्राओं द्वारा गुरु की महत्ता पर आधारित गीत, कविता, भजन आदि प्रस्तुत किये गये।





### गुरु का सम्मान करें

मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि ने यातायात का पालन करने हेतु प्रेरित किया। साइबर क्राइम से सतर्कता बनाये रखने का आग्रह विद्यार्थियों से किया गया। आषाढ़ पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। गुरू शिष्य के संबंध को मजबूत करने के लिए गुरु पूर्णिमा मनाया जाता है। इस परम्परा को बनाये रखना और अपने गुरु का सम्मान करते रहना चाहिए। गुरु का स्थान सर्वोत्तम स्थान माना गया है। गुरू वह है जो हमें अंधेरे से उजाले तथा सदमार्ग की ओर ले जाते हैं।

# ग्राम मुरा स्थित कपिल माइनिंग रिसोर्सेस प्रा. लि. का क्रशर सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

- सीएम हेल्पलाइन शिकायत पर कार्रवाई



ग्राम मुरा, तहसील खरोरा, जिला रायपुर स्थित कपिल माइनिंग रिसोर्सेस प्रा. लि. द्वारा संचालित चूनापत्थर खदान एवं क्रशर इकाई के संबंध में सीएम हेल्पलाइन में शिकायत होने पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए 27 जुलाई को सील कर दिया। कार्रवाई में खनिज निरीक्षक उमेश भार्गव सहित अन्य शामिल रहे।

शिकायत में आरोप लगाया गया था कि ग्राम मुरा में संचालित उक्त खदान एवं क्रेशर से अत्यधिक धूल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, कंपन, भारी वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही, सड़क क्षति तथा ग्रामीणों के स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। शिकायत में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986, वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981, जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974, ईआईए अधिसूचना, 2006 तथा अन्य प्रचलित नियमों के पालन की जांच की मांग की गई थी। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए मांग की है कि मामले की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच कर यदि किसी प्रकार की पर्यावरणीय, खनिज अथवा वैधानिक अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## खबर संक्षेप

### पूर्व माध्यमिक स्कूल में तंबाकू निषेध जागरूकता कार्यक्रम



**पलारी।** विगत दिनों पूर्व माध्यमिक विद्यालय पलारी में विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क दंत परीक्षण एवं तंबाकू निषेध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान 80 विद्यार्थियों के दांतों एवं मुख का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें तंबाकू एवं उससे बने उत्पादों के सेवन से होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों को अच्छे मौखिक स्वास्थ्य ओरल हाइजीन बनाए रखने के उपाय भी बताए गए। साथ ही विद्यार्थियों को तंबाकू का सेवन कभी नहीं करने एवं दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में सिटी डेंटल केयर पलारी की डॉ. रेचल सिंह, सहायक अंशु वर्मा उपस्थित रहीं। उन्होंने डॉ आनंद वर्मा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों का दंत परीक्षण किया गया तथा उन्हें नियमित रूप से दांतों की सफाई, सही ब्रश करने की विधि और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय परिवार ने इस जनजागरूकता एवं स्वास्थ्य संवर्धन कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सिटी डेंटल केयर की टीम का आभार व्यक्त किया।

### अनुरेखक भर्ती परीक्षा के प्रवेशपत्र जारी

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा अनुरेखक भर्ती परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। जल संसाधन विभाग के अंतर्गत रिक्त पदों के लिए यह भर्ती परीक्षा होगी। 2 अगस्त को होने वाली लिखित भर्ती परीक्षा के लिए केवल राजधानी रायपुर में ही केंद्र बनाए गए हैं। प्रवेश पत्र सहित परीक्षा संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

# समूह की महिलाओं ने जिला अर्थशाला में सीखा वित्तीय प्रबंधन व जोखिम से बचने के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में संचालित जिला फाइनेंस लैब के माध्यम से जिले में वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न वर्गों के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अब स्व सहायता समूह की महिलाओं को भी विशेष वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण प्रदान की जा रही है।

मंगलवार को भाटापारा विकासखंड की स्व-सहायता समूह की 26 महिलाओं को लगभग तीन घंटे का विशेष वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाते हुए उन्हें वित्तीय प्रबंधन, सुरक्षित बैंकिंग एवं उद्यमिता से संबंधित व्यवहारिक ज्ञान उपलब्ध कराना है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को व्यक्तिगत एवं पारिवारिक बजट तैयार करने की प्रक्रिया, नियमित बचत की आदत, निवेश के विभिन्न विकल्प, बैंकिंग सेवाओं का प्रभावी उपयोग, बैंकिंग संबंधी समस्याओं के समाधान, स्वरोजगार एवं व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु शासन की विभिन्न लाभकारी योजनाओं, साइबर फ्रॉड से बचाव तथा बीमा के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही डिजिटल भुगतान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, सुरक्षित वित्तीय व्यवहार तथा दीर्घकालिक वित्तीय योजना बनाने के व्यावहारिक पहलुओं पर भी विशेष रूप से मार्गदर्शन दिया गया।

### बैंकिंग सेवाओं सहित सायबर फ़्रॉड सम्बधित दिया गया व्यवहारिक प्रशिक्षण



#### 30 से 40 प्रतिभागी अपनी वित्तीय समझ को बना रहे सुदृढ़

डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी रजनी छड़ीमली ने बताया कि जिला फाइनेंस लैब के माध्यम से प्रतिदिन कक्षा 9 वीं से 12वीं तक के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी, महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, स्व-सहायता समूह की महिलाएं तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के नागरिक प्रशिक्षण एवं विभिन्न वित्तीय गतिविधियों में सहभागिता कर रहे हैं। प्रतिदिन लगभग 30 से 40 प्रतिभागी वित्तीय प्रबंधन, बैंकिंग, निवेश, डिजिटल भुगतान, साइबर सुरक्षा, बीमा तथा उद्यमिता से संबंधित व्यवहारिक जानकारी प्राप्त कर अपनी वित्तीय समझ को सुदृढ़ बना रहे हैं।

### महज दो माह में ही उखड़ने लगी सड़कें

# अनियमितता की भेंट चढ़ा मुंडा से बरदा पहुंच मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी अधिकांश सड़कों के जर्जर होने पर बरसात से पहले हाल ही में नवीन मरम्मत का कार्य किया गया है। ठेकेदारों द्वारा किए गए नवीन सड़क मरम्मत शुरुआती बरसात में भी नहीं टिक पाई और कुछ नवनिर्मित सड़कों की मरम्मत करने की स्थिति आ गई है। संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के नियमित निरीक्षण नहीं करने के चलते ही ठेकेदारों द्वारा मनमानी पूर्वक कार्य करते हुए गुणवत्ता का विशेष ध्यान नहीं दिया गया, जिसके चलते ही पहली बारिश में ही सड़कों से डामर उखड़कर धसने लगी है। लाखों करोड़ों रूपयों की लागत से बनी सड़कों की ऊपरी परत के डामर उखड़ने व सड़कों के जगह-जगह धसने से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और भ्रष्टाचार पर गंभीर सवाल उठना लाजिमी है।



प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी मुंडा मेन रोड से बरदा पहुंच मार्ग की सड़क काफी जर्जर हो गया था। सड़क जगह-जगह से उखड़ गया था जिससे राहगीरों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। मुंडा से बरदा पहुंच मार्ग की दूरी 2 किलोमीटर से कुछ अधिक है। इस पहुंच मार्ग के नवीनीकरण कार्य का ठेका भाटापारा के प्रमोद कंस्ट्रक्शन के द्वारा लिया गया था। ग्रामीणों के अनुसार ठेकेदार के द्वारा नवीनीकरण निर्माण कार्य में शुरुआत से ही गुणवत्ता की अनदेखी किया गया। मुरूम की जगह तालाब से निकाली गई मिट्टी युक्त मुरूम का उपयोग किया गया। ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा मना किए जाने के बाद उनकी बातों को अनसुना किया गया। इस पहुंच मार्ग का मई माह में डामरीकरण किया गया। मई माह में बनाई गई करीब दो किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण के महज दो महीने में ही जगह-जगह उखड़कर धसने लगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि बरसात से ठीक पहले जल्दबाजी में सड़क का निर्माण किया गया और गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क का बेस कमजोर बनाया गया तथा डामर और गिट्टी की मात्रा भी मानको से कम इस्तेमाल की गई जिससे पहली बारिश में सड़क कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई है।

## रावन उप स्वास्थ्य केंद्र में रूफटॉप सोलर सिस्टम का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ऊर्जा संरक्षण और स्वच्छ पर्यावरण को बढ़ावा देने की दिशा में अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, रावन की ओर से उप स्वास्थ्य केंद्र, रावन में रूफटॉप सोलर सिस्टम का शुभारंभ किया गया। कंपनी के मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री एवं प्रशासनिक प्रमुख संजीव मिश्रा के मार्गदर्शन में यह जनहितकारी पहल सीएसआर के तहत संचालित की गई।

■ संयंत्र की सीएसआर पहल से स्वास्थ्य केंद्र को मिलेगी स्वच्छ एवं निर्बाध बिजली

आयोजित कार्यक्रम में जनपद सदस्य पूर्णिमा संजू लहरी, सरपंच अमर सिंह नेताम, उपसरपंच टाकेश्वर वर्मा, पंच तेजस्वी वर्मा, उप स्वास्थ्य केंद्र के आरएचओ प्रदीप कुमार पटेल, मनीषा पटेल, मितानिनों एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति रही। अतिथियों ने फीता काटकर सोलर सिस्टम का शुभारंभ किया।

रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित होने से उप स्वास्थ्य केंद्र को स्वच्छ एवं अक्षय ऊर्जा उपलब्ध होगी। इससे बिजली आपूर्ति अधिक विश्वसनीय बनेगी, विद्युत व्यय में कमी आएगी तथा बिजली बाधित होने की स्थिति में भी स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन निर्बाध रूप से किया जा सकेगा। इस पहल से पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह परियोजना ऊर्जा संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सीएसआर अधिकारी ज्योत्सना पति एवं रंजय पाण्डेय सहित टीम के सदस्य सुरेन्द्र यादव, जानकी यादव, ताराचंद वर्मा, सुनिता निषाद, साहिल बांधे एवं गुमान साहू का विशेष योगदान रहा।

## पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण के लिए किया पौधारोपण



**मुंडा।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भालूकोना में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों द्वारा पौधारोपण किया गया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य एस के साहू, स्काउटर चंद्रकांत वर्मा, व्याख्याता दिलीप सिंह, गीतांजलि पुरेना, शिक्षक ताम्रध्वज पटेल, ओम प्रकाश पटेल, गौचरण वर्मा, महेंद्र वर्मा, नमिता साहू, राकेश्वरी भट्ट, दयानिधि ध्रुव, ध्रुव मैडम उपस्थिति रहीं।

## हॉली हार्ट स्कूल में छात्र परिषद का शपथ ग्रहण

**खरोरा।** हॉली हार्ट स्कूल में बुधवार को छात्र परिषद का पद ग्रहण एवं शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विद्यालय के प्रति निष्ठा और जिम्मेदारी की शपथ दिलायी गई।

इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आई.टी.बी.पी. 38वीं बटालियन के ए.एस.आई. सुरेंद्र कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने छात्र परिषद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बैज (प्रतीक) पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में छात्रों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और पूरी ईमानदारी के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। समारोह के दौरान स्कूल के मेधावी और सक्रिय विद्यार्थियों को विभिन्न पदों की कमान सौंपी गई। इस अवसर पर हेड बॉय मयंक वर्मा, हेड गर्ल नेहा वर्मा, डिप्टी हेड बॉय नीलय वर्मा, डिप्टी हेड गर्ल कशिश देवांगन, कल्चरल हेड स्वास्तिका बघेल, स्पोर्ट्स हेड लक्ष्य देवांगन तथा डिसिप्लिन हेड खुशी सोनी को जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। इसके साथ ही विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भी विभिन्न जिम्मेदारियाँ देकर उन्हें विद्यालय के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। हरजोत सिंह एवं सिमरत बावेजा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क और जीवन में जिम्मेदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य सुनील कुमार पांडा ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए विद्यालय का नाम पूरे क्षेत्र में रौशन करने के लिए प्रेरित किया।




## रामप्रसाद देवांगन कॉलेज में कारगिल विजय दिवस मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

स्व. रामप्रसाद देवांगन महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य रमेश कुमार साहू ने कहा कि कारगिल विजय दिवस महाविद्यालय का इस सत्र का पहला कार्यक्रम है। शैक्षिक गतिविधियों के साथ अनेक सह-शैक्षिक गतिविधियां भी समय - समय पर आयोजित होते रहेंगे। 1999 में भारत के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कारगिल युद्ध से पहले भारत-पाकिस्तान के मध्य आपसी तनावों को कम करने, संबंधों को मधुर करने हेतु बस सेवा के बहाने दोस्ती का हाथ बढ़ाया था। मगर शत्रुओं के नापाक इरादों का क्या पता था? शत्रु सेना ने कारगिल की ऊंची चोटियों पर कब्जा कर लिया था। किंतु भारत के जाबाज़, वीर सैनिकों के शौर्य के कब तक कब्जा रख सकते थे? आखिर 26 जुलाई 1999 का वह पावन दिन आया, जब देश के शूरवीरों ने कारगिल की प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच अपने विजय का परचम लहराया। आज का दिन उनके बलिदान, शहादत, शौर्य पराक्रम को नमन, वंदन, स्मरण करने का दिन है। इस कार्यक्रम में डॉ बाल्मीकि साहू, भगवती प्रसाद साहू, अंशु ध्रुव, चुलेश्वर साहू आदि प्राध्यापकों के साथ अनेक विद्यार्थी उपस्थित थे।




## रासेया के छात्रों ने रोपे फलदार पौधे



**भाटापारा।** कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट में राष्ट्रीय सेवा योजना, उन्नत भारत अभियान एवं रेड क्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम कड़ार में पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा 20 पौधों फलदार पौधों का रोपण किया गया। पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण के उद्देश्य से स्वयंसेवकों ने अपने हाथों से ट्री गार्ड तैयार कर सभी पौधों में स्थापित किए। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत भवन परिसर में भी एक पौधे का रोपण किया गया तथा पंचायत को पौधा ट्री गार्ड भेंट किया। कार्यक्रम में सरपंच हीरामणी कीर्ति कुमार ध्रुव, बुधारी साहू, शिवकुमार साहू, वीरेंद्र ध्रुव एवं जनपद सदस्य ठाकुरराम साहू सहित ग्राम के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## हायर सेकंडरी स्कूल खम्हारिया में पौधारोपण



**गोपालपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुरुपूर्णिमा पर जिला पंचायत सदस्य शिवाकुमारी साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधि अंजुरात्रे ,जनपद पंचायत सदस्य हेमलता साहू, सरपंच सुहागपुर राजेन्द्र, सरपंच प्रतिनिधि ने पौधारोपण किया । जिला पंचायत सदस्य शिवा अनिल का 1051 पौधा का संकल्प पूर्ण हुआ। पौधापण कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिका, छात्र-छात्राओं द्वारा बढ़ चढ़ के भाग लिया गया ।

## डॉ. खूबचंद बघेल की जयंती पर किया पौधारोपण

### प्रतिभावान छात्रों का सम्मान



**पलारी।** छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वप्न दृष्टा डॉ. खूबचंद बघेल की 126वी जयंती पर कुर्मी समाज द्वारा को मुक्ति धाम में पौधारोपण किया गया। यह कार्यक्रम आदर्श ग्राम देवसुंदरा में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज ग्राम इकाई देवसुंन्द्रा व छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय युवा समाज के तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम दो पाली में आयोजित किया गया जिसमें प्रथम पाली में सुबह पौधारोपण व दूसरी पाली में मंचीय कार्यक्रम में प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज ग्राम इकाई देवसुन्द्रा किया गया । सांथ ही वृद्ध मातृ शक्तियो का सम्मान व नन्ही बच्चीयों द्वारा सास्कृतिक कार्य कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामखिलावन वर्मा राजप्रधान, अध्यक्षता खिलेन्द्र वर्मा पूर्व जनपद अध्यक्ष पलारी ने की विशिष्ट अतिथि डॉ डागेश्वर वर्मा उप राज प्रधान, शशीकान्त वर्मा, घनश्याम वर्मा, हुलास राम वर्मा,खेमिन बाई वर्मा, सुरेश वर्मा, राजेंद्र वर्मा,डागेश्वर वर्मा रहे इनके हांथो विद्यार्थियों तथा वृद्ध माताओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान भूपेंद्र वर्मा, जितेंद्र वर्मा, छन्नु वर्मा, मतंराम वर्मा, पुरानिक वर्मा, छबिराम वर्मा, सेवक राम वर्मा, प्रियम वर्मा, जय प्रकाश वर्मा, ताम्रध्वज वर्मा, होली लाल वर्मा,केशव वर्मा, शिवचरण वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, कामता वर्मा, अशोक वर्मा सहित समाजिक बन्धु उपस्थित रहे।



# रेलवे स्टेशन में नियम तोड़ने वाले 397 लोगों पर कार्रवाई

## मॉर्निंग वॉक और बिना काम घूमने वालों पर शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

यहां के रेलवे स्टेशन में 1 जून से लागू नये नियम लागू हो गया है। अब स्टेशन परिसर में जो लोग मार्निंग वाक, इवनिंग वाक करते थे या फिर वहां बैठकर अपना समय व्यतीत करते थे, ऐसे लोग के खिलाफ आरपीएफ पोस्ट ने कार्यवाही शुरू कर दी है। इस संबंध में आरपीएफ पोस्ट प्रभारी ए.के शुक्ला ने बताया कि पटरीपार करने वाले, स्टेशन परिसर में घूमने वाले, स्टेशन परिसर में गाड़ी खड़ी करने वाले, रेलवे परिसर में धूमपान करने वालों, महिला बोगी में सफर करने वालों के खिलाफ जुलाई माह की 29 तारीख तक 397 केस बनाये गये हैं। शुक्ला ने यह भी बताया कि बिना काम के जो लोग स्टेशन पहुंचते है, ऐसे लोगों के खिलाफ रेलवे के उच्चाधिकारियों के द्वारा स्पष्ट निर्देश है कि रेल्वे के नियमों का पालन नहीं करने वालों पर कार्यवाही हो, वहीं पटरीपार करने वालों को सख्त हिदायत दी है कि वे सीढ़ियां, लिफ्ट से आना जाना करें, क्योंकि ट्रैक पर थ्रू गाडियां हमेशा आते जाते रहती है, जिनकी स्पीड 100 किमी से अधिक होती है। इसलिए सावधानी बहुत जरूरी है। भाटापारा रेलवे स्टेशन जो कि रायपुर मंडल का तीसरा सबसे बडा स्टेशन है और यहां पर रोजाना 7 हजार से अधिक लोगों की आवाजाही होती है, इसके अलावा छोड़ने जाने वाले जो कि अलग है, वहीं सर्वाधिक भीड मेमू लोकल ट्रेन एवं एक्सप्रेस गाडियों में सुबह से लेकर रात तक आवाजाही जारी रहती है।




### कैमरा बढ़ाये जाने का प्रस्ताव

भाटापारा आरपीएफ का क्षेत्र जो की मांढर से लेकर दाधापारा तक 110 किमी है और इनके बीच पड़ने वाले सभी स्टेशनों की सघन जांच पड़ताल की जाती है। दूसरी ओर पूरे स्टेशन परिसर के अलावा स्टेशन के माता देवालय की तरफ और शहर थाना की तरफ करीब 3 दर्जन से अधिक कैमरे लगे हैं, जिससे आरपीएफ पोस्ट कंट्रोल रूम से निगरानी की जाती है और रेल विभाग को कैमरा बढ़ाये जाने का प्रस्ताव भेजा गया है, उसके पश्चात और कैमरे लगाये जायेंगे।

## ठेकेदारों को तय समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश

# हर घर नल से जल पहुंचाने के कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल से जल पहुंचाने के कार्य अब तय समय सीमा में करना होग़ा। लापरवाही पर ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड और अधिकारियो पर कार्यवाही होगी। जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने अधिकारियो और ठेकेदारों को कड़े निर्देश दिये।

■ पहले चरण में बलौदाबाजार और पलारी विकासखंड का संतृप्तिकरण के लक्ष्य



कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा क़ि जल जीवन मिशन शासन की अति महत्वकांक्षी अभियान है जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में हर -घर नल से जल सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा क़ि कार्य पूर्णता के लिये ठेकेदारो को कई बार समय विस्तार देने के बाद भी कार्य पूर्ण नहीं हुए है,लेकिन इस बार अंतिम रूप से समय सीमा निर्धारित की जा रही है। तय समय -सीमा के भीतर काम पूरा नहीं होने पर संबधित ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड किया जाएगा। उन्होंने चरबद्ध ढंग से विकखंडवार समय पर शतप्रतिशत कार्य पूर्ण करने के निर्देश देते हुए पहले चरण में विकासखंड बलौदाबाजार और पलारी में आगामी सितम्बर 2026 तक प्रत्येक गांव में हर घर जल पहुंचाने समय निर्धारित किया। इसके साथ ही शेष विकासखंडो में मार्च 2027 तक़ सभी कार्य पूर्ण कराने कहा।उन्होंने कहा क़ि जिन स्थानों पर जल स्रोत की समस्या है वहां जिला प्रशासन द्वारा जल स्रोत की व्यवस्था कराई जाएगी,जल स्रोत उपलब्ध होने के बाद एसडीओ और सब इंजीनियर शीघ्र स्रोत से पानी टंकी तक ले जाने का कार्य एवं हर घर नल से जल पहुंचाने का कार्य 15 दिन में पूरा करायेंगे।

कलेक्टर ने कहा क़ि हर घर नल से जल का कार्य पूरा रा होने के पश्चात 6 माह तक पीएचई द्वारा ट्रायल किया जाएगा। इस दौरान पंचायतों में पाइप बिछाने के लिये ठेकेदार द्वारा तोड़े गये सड़क एवं नालियों की मरम्मत कराने के पश्चात ही ग्राम पंचायत संचालन हेतु हैंड ओवर लेंगे। ग्राम पंचायत पम्प संचालन हेतु ऑपरेटर की व्यवस्था के लिये परिवारों से शुल्क का निर्धारण करेंगे।

बताया गया क़ि जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में 5 मल्टी विलेज़ स्कीम के तहत 166 गांव में हर घर नल से जल पहुंचेगा। इसमें विकासखंड कसडोल में गिरौदपुरी एवं खर्वे समूह जल योजना, भाटापारा अंतर्गत अहिल्दा-पंडरिया एवं बिटकुली समहू जल प्रदाय, सिमगा अंतर्गत खंडुआ समूह जल प्रदाय योजना शामिल है। इसके साथ ही रिट्रो फिटिंग एवं एकल ग्राम जल प्रदाय योजना के तहत शेष ग्रामो में भी मार्च 2027 तक़ कार्य पूर्ण किया जाएगा। बैठक में सी ई ओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल,पीएचई के कार्यपालन अभियंता नमित कोसरिया सहित समिति के अन्य सदस्य एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# छात्रों ने स्कूल में मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शाश्वत स्कूल, बलौदाबाजार में गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छोटे-बड़े सभी बच्चों ने अपने गुरुओं के प्रति आभार व्यक्त किया और भारतीय संस्कृति की गुरु-शिष्य परंपरा को जीवंत किया।

■ गुरु-शिष्य परंपरा को किया नमन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गूंजा विद्यालय परिसर

इसके पश्चात कक्षा केजी-नर्सरी से कक्षा 12वी तक के बच्चों ने गुरु के महत्व पर आधारित भाषण, कविता पाठ, नृत्य और नाटिका प्रस्तुत की। छोटे बच्चों ने गुरु गोविंद दोऊ खड़े भजन पर मनमोहक नृत्य किया, जिसे देखकर सभी अभिभावक भावुक हो गए।

विद्यालय के प्राचार्य एवं संचालक ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु ही जीवन की दिशा दिखाते हैं। शिक्षक समाज के निर्माता हैं। गुरु पूर्णिमा हमें अपने गुरुओं का सम्मान करना और उनके बताए मार्ग पर चलना सिखाती है।

इस अवसर पर शिक्षकों का तिलक लगाकर एवं पुष्प भेंट कर सम्मान किया गया। बच्चों ने अपने पसंदीदा शिक्षकों के लिए धन्यवाद पत्र और हस्तनिर्मित कार्ड भी बनाए। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। समस्त कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

# बकायादारों पर प्रशासन सख्त, दो दिन में राशि जमा नहीं करने पर संपत्ति की होगी कुर्की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत बैंको से ऋण लेकर राशि जमा नहीं करने वाले बकायादारों पर प्रशासन द्वारा सख्त कार्यवाही की जा रही है। अंतिम चेतावनी के रूप में दो दिन में राशि जमा करनी होगी अन्यथा उनकी चल- अचल संपत्ति की कुर्की की जाएगी।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर बुधवार को नायब तहसीलदार बलौदाबाजार सहित बैंक ऑफ़ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक एवं अन्य राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा बलौदाबाजार शहर के बकायादार के घर पर दबिश दिये। इनमे रामजी सेन, नसीम खान, नईम अहमद, रामजी फेकर, इलियास रजक, रीना साहू, मोहम्मद गुलफाम खान एवं अन्य शामिल हैं जिन्होंने विभिन्न योजनाओं के तहत लोन लेकर डिफाल्टर रहे और मांग सूचना जारी होने के बाद भी बकाया राशि जमा नहीं किया है।बकायादारों ने दो दिन में बकाया राशि जमा करने एवं खाता बंद करने की सहमति दी गई। दिये गये समयावधि में राशि जमा नहीं करने पर उनके चल- अचल संपत्ति कुर्क कर नीलामी की कार्यवाही की जाएगी एवं बैंकों की राशि का समायोजन किया जाएगा। यह अभियान लगातार चलता रहेगा इस क्रम में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक,बैंक ऑफ बड़ौदा,पंजाब नेशनल बैंक, कैनरा बैंक आदि सभी की वसूली की कार्यवाही की जानी है।

# लगातार बारिश से निदाई रोपाई का कार्य जोरों पर

**मुंडा**। लगातार हो रहे बारिश से लवन तहसील के अंतर्गत मुंडा, आसपास क्षेत्र कोलिहा, सर्वाडीय, ढनढनी, बरदा, पैजनी, कासियारा, चिचिरदा, सूढेला, जुड़ा, चिरपोटा, लाहौद, जामडीह के कृषक जो है पहले से धान बोवाई का कार्य हो चुका है वे अब नींदाई का कार्य कर रहे हैं। वहीं धान की फसल छोटे होने के चलते खाद डालने का कार्य जोरों पर चल रहा है। यह देखते हुए अब गांव में मजदूर खोजने से नहीं मिल रहे हैं।



# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू द्वारा प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन कार्यक्रम के तहत कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं एवं मांगें सुनी गईं। जनदर्शन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं नागरिकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

■ अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश

जनदर्शन के आवेदन में ग्राम पंचायतों से संबंधित शिकायत एवं मांग, विद्युत, स्कूल शिक्षा राशन दुकान, पेंशन, मतदाता पहचान पत्र (वोटर आईडी) में नाम संशोधन, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, महतारी वंदन योजना तथा सड़क निर्माण की मांग से जुड़े थे। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को नियमानुसार त्वरित कार्रवाई कर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में जिला स्तरीय सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों का नियमित अनुश्रवण करते हुए शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें, ताकि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंच सके।

## कलेक्टर ने 13 दिव्यांगजनों को प्रदान किये सहायक उपकरण



**बलौदाबाजार।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने समाज कल्याण विभाग के माध्यम चिन्हांकित 13 दिव्यांग को जनदर्शन में सहायक उपकरण प्रदान किया। सहायक उपकरण मिलने से दिव्यांगजनों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली। विकासखण्ड सिमगा के ग्राम चौरेंगा निवासी बीरु वासूदेव एवं ग्राम रानीजरौद निवासी मोहन लाल कुर्रे को मोट्राईज्ड ट्रायसायकल तथा ग्राम उड़ेला निवासी मेमिन निर्मलकर को हस्त चलित ट्रायसायकल वितरण किया गया। सिमगा विकासखण्ड के ग्राम हथबंद निवासी साधे रात्रे एवं ग्राम रावन निवासी कु, सुमन्त वर्मा को कृत्रिम पैर वितरण किया गया। विकासखण्ड भाटापारा के ग्राम सिंगारपुर निवासी भीखमा साहू को श्रवण यंत्र, विकासखण्ड पलारी के ग्राम भोथीडीह निवासी यशवन्त कुमार को कृत्रिम पैर एवं ग्राम कोनारी निवासी सूरज बारले को कृत्रिम हाथ, पैर, पंजा, प्रदान की गई। ग्राम गुचीपार निवासी हर्ष साहू को कैलिपर, ग्राम बिटकुली निवासी अंश खरे को कैलिपर पैर, पंजा, ग्राम बरपाली के सेवकराम निराला को कृत्रिम पैर, भाटापारा निवासी यशोदा बाई साहू को कृत्रिम पैर प्रदान की गई। विकासखण्ड बलौदाबाजार के ग्राम अहिल्दा निवासी तिजउराम निषाद को कृत्रिम पैर वितरण किया गया। कलेक्टर शर्मा ने कहा कि दिव्यांगजनों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। समाज कल्याण विभाग के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित कर उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ अपने दैनिक कार्य कर सकें।

## खबर संक्षेप

### थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान शिविर

**रायपुर।** लक्ष्य वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा मानव सेवा ब्लड बैंक में दो थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए विशेष स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष डॉ. ममता साहू ने कहा कि थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को जीवनभर नियमित रक्त की आवश्यकता होती है। इसी दौरान विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर मानव सेवा के इस महायज्ञ में सहभागी बनने का आव्हान किया। संस्था ने रक्तदाता को प्रशस्ति-पत्र (प्रमाणपत्र) प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जोन-1 के अध्यक्ष गज्जू साहू, डॉ. उदयभान सिंह चौहान आदि शामिल थे।

### देह-नेत्रदान की घोषणा करने वाले 101 दानदाता सम्मानित

**रायपुर।** रायपुर ब्राइट फाउंडेशन एवं रोटरी क्लब ऑफ रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के सहयोग से देहदान और नेत्रदान घोषणा शिविर का आयोजन किया गया। देहदान व नेत्रदान के लिए कुल 101 दानदाताओं के घोषणापत्र रायपुर ब्राइट फाउंडेशन एवं रोटरी क्लब रायपुर द्वारा कॉलेज प्रबंधन को सौंपे गए है। इस अवसर पर घोषणा पत्र भरने वाले 101 दानदाताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रायपुर ब्राइट फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत ने कहा कि देहदान से चिकित्सा के क्षेत्र में भविष्य के डॉक्टरों को अध्ययन एवं अनुसंधान के लिए सहयोग प्राप्त होगा, वहीं एक व्यक्ति के नेत्रदान से दो व्यक्तियों के अंधेरे जीवन में रोशनी आएगी। रोटरी क्लब की अध्यक्ष डॉ. प्रीता लाल ने कहा कि आत्मा अमर है, कुछ भ्रांतियां हैं, जिन्हें दूर करने की आवश्यकता है। हमें अपनी सोच बदलनी पड़ेगी। मृत्यु के बाद भी हमारा शरीर किसी के काम आ सके, इसके लिए आमजन आगे आएं। फाउंडेशन के प्रदेश प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि शिविर के दौरान डॉ. मानिक चटर्जी (डीन) ने सविस्तार देहदान और नेत्रदान की प्रक्रिया, उसके फायदे की संपूर्ण जानकारी दानदाताओं को देते हुए उनके प्रश्नों और जिज्ञासाओं से उनको सरल व सहज शब्दों में अपनी बात रखी। रोटरी क्लब की ऑर्गन एवं ब्लड डोनेशन की चेयरमैन शिल्पी चौधरी के अलावा दोनों संस्थाओं के सभी प्रमुख पदाधिकारियों व सदस्यों सहित बड़ी संख्या में मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### प्रतिबंधित नशीली दवा जब्त, विक्रेता गिरफ्तार

**रायपुर।** डीडीनगर पुलिस एवं एसीसीयू की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर 27 जुलाई को रायपुरा स्थित गढ़ही तालाब के पास एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक बैग बरामद किया, जिसमें प्रतिबंधित नशीली दवाइयां रखी हुई थीं, जिसे वह बिक्री करने की फिराक में घूम रहा था। आरोपी के कब्जे से 52 प्रतिबंधित नशीली सिरप एवं 75 प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद किए गए हैं, जिसकी कुल कीमत 9920 रुपए आंकी गई है। आरोपी छन्नू वर्मा मूलतः ग्राम जेते थाना पलारी जिला बलौदाबाजार का रहने वाला है, जो वर्तमान में सत्यम विहार कॉलोनी रायपुरा में रहता है।

### आशा को पीएचडी

**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि ने आशा गुप्ता को पीएचडी उपाधि प्रदान की है। उन्होंने वाणिज्य संकाय के अंतर्गत रायपुर नगर निगम के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया। महंत कॉलेज स्थित शोध केंद्र से डॉ.श्वेता महालकर के मार्गदर्शन में आशा ने अपना शोध पूर्ण किया है।

जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े कानों की रिशेपिंग



कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

## विधायक और जनपद सीईओ को सौंपा ज्ञापन, मुक्तिधाम से सड़क तक उठीं बुनियादी सुविधाओं की मांग

# विकास कार्यों की धीमी रफ्तार पर युवाओं का आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

ग्राम पंचायत नावापारा (ख) के आश्रित ग्राम देवरहा में विकास कार्यों की धीमी रफ्तार को लेकर ग्रामीणों, विशेषकर युवाओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है। गांव में कई मूलभूत सुविधाओं का अभाव होने से ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन के प्रति असंतोष जताते हुए बिलाईगढ़ विधायक और जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीईओ से मुलाकात कर समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की।



ग्रामीणों की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में वार्ड क्रमांक 8 एवं 9 में मुक्तिधाम निर्माण, पक्की सड़क, रास्तों में मुरूम डलवाने, नियमित साफ-सफाई, कूड़ादान निर्माण तथा गांव में विकास कार्यों में तेजी लाने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। युवाओं ने यह भी आग्रह किया कि प्रशासनिक अधिकारियों का समय-समय पर गांव का दौरा सुनिश्चित किया जाए, ताकि विकास कार्यों की निगरानी प्रभावी ढंग से हो सके।सामाजिक कार्यकर्ता मनहरण, सोनू और कृष्णा यादव ने बताया कि वार्ड क्रमांक 8-9 में मुक्तिधाम नहीं होने से बरसात के दिनों में अंतिम संस्कार करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वहीं पक्की सड़क के अभाव में बारिश के दौरान आवागमन बाधित हो जाता है। लंबे समय से साफ-सफाई नहीं होने के कारण गांव में गंदगी फैली हुई है, जिससे मच्छरों, सांप और बिच्छुओं का खतरा बढ़ गया है तथा ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए विधायक और जनपद सीईओ ने शीघ्र आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। सीईओ ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करते हुए समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए कार्यवाही करने को कहा इस दौरान दीपक, देवलाल, रामेश्वर, रवि, सुमित, निखिल, शिवशंकर, शैलेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और युवा उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने ने उम्मीद जताई की प्रशासन अपने आश्वासन पर अमल करते हुए जल्द ही गांव की मूलभूत समस्याओं का समाधान करेगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि: स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411